144. दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनें जो शृंखला को पूरा करेगा।
Choose the correct alternative from given ones that will complete the series.
8, 13.5, 19, 24.5, 30, (?)
(A) 41 (B) 37.5 (C) 38 (D) 35.5

145. नीचे दिए गए प्रश्न में, एक शब्द-युग्म दिया गया है, उसके बाद विकल्प के रूप में चार शब्द-युग्म दिए गए हैं। आपको वह युग्म चुनना है जिसमें शब्दों के मध्य समान संबंध हो।
स्वधर्मत्यागी : धर्म
(A) जेलर : कानून (B) शिक्षक : शिक्षा
(C) देशद्रोही : देश (D) अधिपति : राज्य
In the question below, a pair of words is given, followed by four pairs of words as alternatives. You are required to choose the pair in which the words bear the same relationship.
Apostate : Religion
(A) Jailor : Law
(B) Teacher : Education
(C) Traitor : Country
(D) Potentate : Kingdom

146. THFDE : VJHFG : : BOURN : (?)
(A) DQWTP (B) CPWSP
(C) DPWSP (D) CQWTP

147. निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?
How many triangles are there in the following figure ?

(A) 30 (B) 26 (C) 28 (D) 24

148. अक्षरों का कौन सा समूह दी गई अक्षर शृंखला में रिक्त स्थानों पर क्रमिक रूप से रखे जाने पर इसे पूरा करेगा ?
Which one set of letters when sequentially placed at the gaps in the given letter series shall complete it ?
M_NO_MNN_P_NO_PM_OP_
(A) MPMONOP (B) MPONONM
(C) MPOMONP (D) MPMOONP

149. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो धारणाएँ दी गई हैं। आपको कथन और निम्नलिखित धारणाओं पर विचार करना है और निर्णय लेना है कि कौन सी धारणा कथन में अंतर्निहित है :
**कथन :** रात के समय पेड़ के नीचे नहीं सोना चाहिए।
**धारणाएँ :**
I. गिरती हुई पत्तियाँ हमारे कपड़े खराब कर सकती हैं।
II. पेड़ रात में कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
(A) न तो I और न ही II अंतर्निहित है।
(B) केवल धारणा II अंतर्निहित है।
(C) या तो I या II अंतर्निहित है।
(D) केवल धारणा I अंतर्निहित है।
In the question below, a statement followed by two assumptions numbered I and II is given. You have to consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumption is implicit in the statement :
**Statement :** One should not sleep under a tree at night.
**Assumptions :**
I. The falling leaves may spoil our clothes.
II. Tree gives out carbon dioxide at night which is injurious to health.
(A) Neither I nor II is implicit.
(B) Only assumption II is implicit.
(C) Either I or II is implicit.
(D) Only assumption I is implicit.

150. एक व्यक्ति घर से पूर्व की ओर 10 किमी चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 6 किमी चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 15 किमी चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 6 किमी चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 1 किमी चलता है। वह व्यक्ति अपने घर से कितनी दूरी पर है ?
(A) 12 किमी (B) 6 किमी
(C) 25 किमी (D) 16 किमी
A person moves from home position towards east by 10 km, then turns right and moves by 6 km, again turns right and moves by 15 km, again turns right and moves by 6 km, then turns left and moves by 1 km. How far the person is from home position ?
(A) 12 km (B) 6 km
(C) 25 km (D) 16 km

99. "मुझसे पत्र लिखा गया ।" वाक्य में कौन सा वाच्य होगा ?
(A) इनमें से कोई नहीं (B) कर्मवाच्य
(C) कर्तृवाच्य (D) भाववाच्य

100. "घाव पर नमक छिड़कना" – मुहावरे का अर्थ बताइए।
(A) दुःखी को अधिक दुःखी करना
(B) किसी का मज़ाक उड़ाना
(C) घाव पर नमक लगाना
(D) पुरानी बातें दोहराना

101. 'मूक' का विलोम शब्द क्या होगा ?
(A) वाचाल (B) शाप
(C) गौण (D) हास

102. 'बेकार से बेगार भली' लोकोक्ति का अर्थ निम्न में से कौन सा है ?
(A) बिलकुल अनपढ़ होना ।
(B) मन शुद्ध है तो सब ठीक है ।
(C) निकम्मा बैठने से कुछ करना अच्छा है ।
(D) जो मिल जाए वह काफ़ी है ।

103. अद्‌भुत रस का स्थायीभाव कौन सा है ?
(A) निर्वेद (B) क्रोध
(C) विस्मय (D) शोक

104. अर्द्धसम मात्रिक का छंद है
(A) कुण्डलिया (B) दोहा
(C) चौपाई (D) रोला

105. 'राम कृपा भव-निसा सिरानी' में कौन सा अलंकार है ?
(A) उत्प्रेक्षा (B) उपमा
(C) रूपक (D) श्लेष

106. 'अंक' का अनेकार्थक शब्द निम्नलिखित में से किस विकल्प में है ?
(A) आकाश (B) संख्या
(C) कामदेव (D) विष्णु

107. "पिताजी तीर्थयात्रा पर जाएँगे ।" यह वाक्य किस काल का है ?
(A) संदिग्ध वर्तमानकाल
(B) सामान्य वर्तमानकाल
(C) सामान्य भूतकाल
(D) सामान्य भविष्यत् काल

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. सं. 108-112)

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है । जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम-से-उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी-से-अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है । पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ । हँसी कितने ही कला-कौशलों से भली है । जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी । एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर झींखने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीटस 109 वर्ष तक जिया । हँसी-ख़ुशी ही का नाम जीवन है । जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है । कवि कहता है – 'ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दादिल ख़ाक जिया करते हैं ।'

मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने एक पुस्तक लिखी है । उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास-से-उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है । आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुःख की दीवारों को ढहा सकते हैं । प्राण-रक्षा के लिए सदा देशों में उत्तम-से-उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है । सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है ।

108. 'हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है' – आशय स्पष्ट कीजिए ।
(A) हँसी का आनंद अंदर और बाहर दोनों जगह प्रकट होता है ।
(B) हँसी बाहरी दिखावा है ।
(C) हँसी मन के आनंद को बाहर प्रकट करती है ।
(D) हँसी भीतरी चीज़ है, बाहरी नहीं है ।

109. आनंद को प्रबल इंजन क्यों कहा गया है ?
(A) वह जीवन से शोक और दुःख दूर करता है ।
(B) वह जीवन को ऊर्जा देता है ।
(C) वह जीवन में हँसी पैदा करता है ।
(D) वह जीवन को गति देता है ।

110. एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।
(A) हँसी दुःखनाशक है
(B) प्रसन्नता – एक वरदान
(C) कुशल वैद्य की कला
(D) हँसी – एक वरदान



111. सुयोग्य वैद्य रोगी के लिए क्या करता है ?
(A) रोगी को खराब जीवन शैली के प्रति उसे सावधान करता है ।
(B) रोगी को अनुशासित जीवन जीने की सलाह देता है ।
(C) आशा और उल्लासमय वचनों द्वारा कानों को आनंदित करता है ।
(D) अच्छी और महँगी दवा देता है ।

112. 'प्रफुल्लित' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) इत (B) प्र
(C) त (D) पर

113. निम्न में से संत कबीर की कृति कौन सी है ?
(A) सूरसारावली (B) बीजक
(C) रामा (D) मृगावती

114. मैथिली भाषा के प्रसिद्ध कवि कौन हैं ?
(A) बिहारीलाल (B) तुलसीदास
(C) जायसी (D) विद्यापति

115. निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द क्रिया-विशेषण है ?
(A) विगत (B) धीरे-धीरे
(C) सूर्योदय (D) नीला

116. निम्नलिखित में से 'कृष्ण' शब्द का पर्यायवाची कौन सा है ?
(A) रतिपति (B) मुरारि
(C) श्रवण (D) मनोज

117. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द 'पानी और पाणि' का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) हाथ – जीवन (B) जल – हाथ
(C) पग – वारि (D) कर – जल

118. "जो सदा दूसरों पर संदेह करता है" इस वाक्यांश के लिए सही शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) शंकालु (B) दयालु
(C) ईर्ष्यालु (D) झगड़ालू

119. 'कामसूत्र' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?
(A) बाणभट्ट (B) कौटिल्य
(C) वात्स्यायन (D) भरतमुनि

120. सरल करें : $15 + 21 \times (\sqrt{9} - 2 + 5) \div 2$
Simplify : $15 + 21 \times (\sqrt{9} - 2 + 5) \div 2$
(A) 91 (B) 63 (C) 78 (D) 15

121. मूल्यांकन करें : $31.004 - 4.98 + 0.7034 - 7.6 + 0.3 - 2$
Evaluate : $31.004 - 4.98 + 0.7034 - 7.6 + 0.3 - 2$
(A) 17.4742 (B) 17.4274
(C) 19.4173 (D) 19.4274

122. दो संख्याओं का HCF 11 है और उनका LCM 609 है । यदि एक संख्या 77 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए ।
The HCF of two numbers is 11 and their LCM is 609. If one of the numbers is 77, find the other number.
(A) 99 (B) 87 (C) 97 (D) 81

123. एक धनराशि को अभय, बीना, चंदन और दिव्या के बीच 5 : 2 : 4 : 3 के अनुपात में वितरित किया जाना है । यदि चंदन को दिव्या से ₹ 500 अधिक प्राप्त होते हैं, तो बीना का हिस्सा कितना है ?
A sum of money is to be distributed among Abhay, Bina, Chandan and Divya in the proportion of 5 : 2 : 4 : 3. If Chandan gets ₹ 500 more than Divya, what is Bina's share ?
(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,000
(C) ₹ 1,500 (D) ₹ 500

124. गेहूँ की कीमत में $6\frac{1}{4}\%$ की कमी के कारण, एक आदमी ₹ 135 में 1 किलो अधिक खरीद पाता है । प्रति किलोग्राम गेहूँ की मूल दर ज्ञात कीजिए ।
Due to reduction of $6\frac{1}{4}\%$ in the price of wheat, a man is able to buy 1 kg more for ₹ 135. Find the original rate of wheat per kg.
(A) 9.5 (B) 8.5 (C) 9 (D) 7

125. जब $7^7$ को 4 से विभाजित किया जाए तो शेषफल ज्ञात कीजिए ।
Find the remainder when $7^7$ is divided by 4.
(A) 0 (B) 2 (C) 3 (D) 1

74. "क्यात" निम्नलिखित में से किस देश की आधिकारिक मुद्रा है ?
(A) अफगानिस्तान (B) म्यांमार
(C) तुर्की (D) श्रीलंका
"Kyat" is the official currency of which of the following countries ?
(A) Afghanistan (B) Myanmar
(C) Turkey (D) Sri Lanka

75. भारत में "राष्ट्रीय बालिका दिवस" किस तारीख को मनाया जाता है ?
(A) 14 सितंबर (B) 5 अप्रैल
(C) 13 जुलाई (D) 24 जनवरी
The "National Girl Child Day" is celebrated on which date in India ?
(A) 14th September (B) 5th April
(C) 13th July (D) 24th January

76. हिंदी भाषा की सबसे लोकप्रिय रचनाओं में से एक 'मधुशाला' के लेखक कौन हैं ?
(A) हरिवंशराय बच्चन
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(D) मैथिलीशरण गुप्त
Who is the author of the Hindi language's one of the most popular compositions 'Madhushala' ?
(A) Harivansh Rai Bachchan
(B) Makhanlal Chaturvedi
(C) Suryakant Tripathi 'Nirala'
(D) Maithili Sharan Gupt

77. निम्नलिखित में से किस क्रिकेटर ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2023 का अर्जुन पुरस्कार जीता ?
(A) मोहम्मद शमी (B) विराट कोहली
(C) जसप्रीत बुमराह (D) रोहित शर्मा
Which of the following cricketer has won the Arjuna Awards 2023 for outstanding performance in Sports and Games ?
(A) Mohammed Shami
(B) Virat Kohli
(C) Jasprit Bumrah
(D) Rohit Sharma

78. चंद्रयान 3 के रोवर का नाम क्या है ?
(A) विज्ञान (B) प्रज्ञान
(C) देवम (D) विक्रम
What is the name of the rover of Chandrayaan 3 ?
(A) Vigyaan (B) Pragyan
(C) Devam (D) Vikram

79. हाल ही में, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन किया है ?
(A) वाराणसी (B) प्रयागराज
(C) लखनऊ (D) अयोध्या
Recently, the Prime Minister has inaugurated Swarved Mahamandir at which of the following places in Uttar Pradesh ?
(A) Varanasi (B) Prayagraj
(C) Lucknow (D) Ayodhya

80. निम्नलिखित में से कौन सा भारत का सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है ?
(A) परमवीर चक्र (B) वीर चक्र
(C) महावीर चक्र (D) अशोक चक्र
Which of the following is the highest Military Award in India ?
(A) Paramvir Chakra
(B) Vir Chakra
(C) Mahavir Chakra
(D) Ashok Chakra

81. मोबाइल एप्लिकेशन एमपासपोर्ट सेवा (mPassport Seva) भारत के निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा लॉन्च की गई है ?
(A) गृह मंत्रालय
(B) नागरिक उड्डयन मंत्रालय
(C) विदेश मंत्रालय
(D) पर्यटन मंत्रालय
The mobile application mPassport Seva has been launched by which of the following ministries of India ?
(A) Ministry of Home Affairs
(B) Ministry of Civil Aviation
(C) Ministry of External Affairs
(D) Ministry of Tourism



82. निम्नलिखित में से 'सेठ' शब्द का तत्सम शब्द कौन सा है ?
(A) श्रेष्ठी (B) शेठ
(C) साहूकार (D) सर्व

83. निम्नलिखित में से 'सरस्वती' शब्द का पर्यायवाची कौन सा नहीं है ?
(A) भारती (B) कामिनी
(C) शारदा (D) वागीश्वरी

84. 'घूमने-फिरने वाला साधु' वाक्यांश के लिए एक शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) तपस्वी (B) श्रमण
(C) योगी (D) परिव्राजक

85. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'नियत – नीयत' के सही अर्थ-भेद का चयन कीजिए ।
(A) इरादा – भाग्य (B) निश्चित – इरादा
(C) इरादा – निश्चित (D) भाग्य – निश्चित

86. निम्नलिखित में से किस वाक्य में मुहावरे संबंधी अशुद्धि है ?
(A) पुलिस को देखते ही रमेश के चेहरे पर हवाइयाँ दौड़ने लगीं ।
(B) वह चुपचाप दम साधे पड़ा रहा ।
(C) राधा के सारे इरादों पर पानी फिर गया ।
(D) देश पर प्राण न्योछावर करना सैनिक का धर्म है ।

87. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?
(A) साहित्य, जहाज (B) समाधि, दीमक
(C) शीशम, नर्मदा (D) विहग, गरुड़

88. 'गुरु' शब्द का बहुवचन शब्द क्या होगा ?
(A) गुरुजन (B) गुरुओं
(C) गुरुतर (D) गुरुए

89. निम्नलिखित में से तत्सम-तद्भव का कौन सा युग्म गलत है ?
(A) भित्ति – भय (B) अक्षर – आखर
(C) घट – घड़ा (D) याचक – जाचक

90. 'स्वर्णिम' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(A) इम (B) णिम
(C) म (D) सु

91. 'संग्राम' शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग कौन सा है ?
(A) संग + राम (B) सन् + ग्राम
(C) सम् + ग्राम (D) सन + ग्राम

92. निम्नलिखित में से कौन सा अव्ययीभाव समास का उदाहरण है ?
(A) भरपूर (B) सप्ताह
(C) प्रधानमंत्री (D) डाकगाड़ी

93. तू, तुम, तेरा आदि हिंदी में कौन से पुरुषवाचक सर्वनाम हैं ?
(A) सर्वोत्तम पुरुषवाचक
(B) अन्य पुरुषवाचक
(C) मध्यम पुरुषवाचक
(D) उत्तम पुरुषवाचक

94. 'लघूत्सव' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?
(A) लघू + त्सव (B) लघू + उत्सव
(C) लघु + त्सव (D) लघु + उत्सव

95. कौन सा विरामचिह्न दो पृथक सत्ताओं या दो शब्दों को जोड़ता है ?
(A) अवतरण चिह्न (B) योजक चिह्न
(C) विवरण चिह्न (D) निर्देशक चिह्न

96. "दिनेश रोज चार लीटर दूध पीता है ।" इस वाक्य में 'चार लीटर' किस प्रकार का विशेषण है ?
(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) परिमाणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) गुणवाचक विशेषण

97. "बाजार से आकर गीता खाना पकाएगी ।" इस वाक्य में 'आकर' किस क्रिया का उदाहरण है ?
(A) नामधातु क्रिया (B) प्रेरणार्थक क्रिया
(C) संयुक्त क्रिया (D) पूर्वकालिक क्रिया

98. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अपादान कारक है ?
(A) मेज़ से पुस्तक गिरी ।
(B) रमेश खिलौने से खेल रहा है ।
(C) रानी पुस्तक पढ़ती है ।
(D) गीता की बहन कल हमारे घर आएगी ।

126. कौन सी वार्षिक किस्त, 12% साधारण ब्याज पर 3 वर्षों में देय ₹ 1,260 का कर्ज उतार देगी ?
What annual instalment will discharge a debt of ₹ 1,260 due in 3 years at 12% simple interest ?
(A) ₹ 475 (B) ₹ 375
(C) ₹ 425 (D) ₹ 325

127. मनन ने एक व्यवसाय में ₹ 76,000 का निवेश किया । कुछ महीनों के बाद, विवेक ₹ 57,000 के साथ उसके साथ जुड़ गया । वर्ष के अंत में, कुल लाभ उनके बीच 2 : 1 के अनुपात में विभाजित किया गया । विवेक कितने महीने बाद व्यवसाय से जुड़ा ?
Manan invested ₹ 76,000 in a business. After few months, Vivek joined him with ₹ 57,000. At the end of the year, the total profit was divided between them in the ratio 2 : 1. After how many months did Vivek join the business ?
(A) 6 (B) 4 (C) 5 (D) 2

128. मोहन ने 17वीं पारी में 97 रन बनाए और इस तरह उसका औसत 3 बढ़ गया । 17वीं पारी के बाद उसका औसत ज्ञात कीजिए ।
Mohan makes a score of 97 runs in the $17^{th}$ inning and thus increases his average by 3. Find his average after $17^{th}$ inning.
(A) 53 (B) 49 (C) 51 (D) 47

129. 30 आदमी एक काम को 16 दिनों में पूरा कर सकते हैं । उनके काम शुरू करने के छह दिन बाद, 15 और आदमी उनके साथ जुड़ गए । अब उन्हें शेष कार्य पूरा करने में कितने दिन लगेंगे ?
30 men can complete a work in 16 days. Six days after they started working, 15 more men joined them. How many days will they now take to complete the remaining work ?
(A) 10/3 दिन/days (B) 20/3 दिन/days
(C) 8 दिन/days (D) 5 दिन/days

130. एक विक्रेता ने ₹ 10 में 6 केले खरीदे और उन्हें ₹ 6 में 4 के हिसाब से बेच दिया । उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिये ।
A vendor bought bananas at 6 for ₹ 10 and sold them at 4 for ₹ 6. Find his gain or loss percent.
(A) 8% हानि/loss (B) 10% हानि/loss
(C) 8% लाभ/gain (D) 10% लाभ/gain

131. दो वर्गों के परिमाप 52 सेमी और 20 सेमी हैं । तीसरे वर्ग का परिमाप ज्ञात कीजिए जिसका क्षेत्रफल इन दोनों वर्गों के क्षेत्रफलों के अंतर के बराबर है ।
The perimeters of two squares are 52 cm and 20 cm. Find the perimeter of a third square whose area is equal to the difference of the areas of these two squares.
(A) 48 सेमी/cm (B) 36 सेमी/cm
(C) 44 सेमी/cm (D) 32 सेमी/cm

132. एक आदमी 9 किमी/घंटा की गति से चलते हुए एक पुल को 15 मिनट में पार करता है । पुल की लंबाई (मीटर में) है :
A man walking at the rate of 9 km/hr crosses a bridge in 15 minutes. The length of the bridge (in metres) is :
(A) 2450 (B) 1850
(C) 2250 (D) 1250

133. 9, 12, 15, 18, ......, 87 के बीच कितने पद हैं ?
How many terms are there between 9, 12, 15, 18, ........, 87 ?
(A) 28 (B) 26 (C) 27 (D) 25

प्र. सं. 134 से 138 : तालिका का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :
Q. Nos. 134 to 138 : Study the table and answer the following questions :

**5 महीनों के दौरान 5 कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या**

**Number of products sold by 5 companies during 5 months**

| महीना/Month | कंपनी/Company | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | P | Q | R | S | T |
| जनवरी/January | 130 | 80 | 155 | 85 | 75 |
| फरवरी/February | 155 | 110 | 88 | 110 | 90 |
| मार्च/March | 180 | 130 | 115 | 100 | 120 |
| अप्रैल/April | 160 | 145 | 240 | 140 | 165 |
| मई/May | 140 | 120 | 130 | 100 | 165 |

134. जनवरी से अप्रैल तक कंपनी S द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?
The number of products sold by company 'S' approximately increased by what percent from January to April ?
(A) 76.7% (B) 64.71%
(C) 72.31% (D) 62.9%



135. फरवरी में कंपनी 'P', 'S' और 'T' द्वारा बेचे गए उत्पादों की औसत संख्या क्या है ? (लगभग)
What is the average number of products sold by company 'P', 'S' and 'T' in February ? (Approximate)
(A) 120 (B) 116
(C) 118 (D) 112

136. मार्च में कंपनी 'P' और 'R' द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या का अप्रैल में उन्हीं कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या से अनुपात क्या है ?
What is the ratio of the total number of products sold by company 'P' and 'R' in March to the total number of products sold by the same companies in April ?
(A) 59 : 80 (B) 40 : 95
(C) 16 : 19 (D) 12 : 17

137. जनवरी और मई में मिलाकर कंपनी 'Q' द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या और समान महीनों में मिलाकर कंपनी 'R' द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या के बीच कितना अंतर है ?
What is the difference between the total number of products sold by company 'Q' in January and May together and the total number of products sold by company 'R' in the same months together ?
(A) 102 (B) 85
(C) 98 (D) 76

138. मार्च, अप्रैल और मई में मिलाकर कंपनी 'T' द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या में से, 32% माइल्ड स्टील से बने थे । मार्च, अप्रैल और मई में मिलाकर कंपनी 'T' द्वारा बेचे गए माइल्ड स्टील उत्पादों की कुल संख्या कितनी थी ?
Out of the total number of products sold by company 'T' in March, April and May together, 32% were made of mild steel. What was the total number of mild steel products sold by company 'T' in March, April and May together ?
(A) 160 (B) 150
(C) 155 (D) 144

139. आरेख का अध्ययन करें और उन लोगों की पहचान करें जो केवल एक भाषा बोल सकते हैं :
Study the diagram and identify the people who can speak only one language :




(A) G (B) D + E + F + G
(C) C + A + B (D) E + F + D

140. यदि '–' का अर्थ भाग है, '+' का अर्थ गुणा है, '÷' का अर्थ घटाव है और '×' का अर्थ जोड़ है, तो
6 ÷ 20 × 12 + 7 – 1 = ?
If '–' stands for division, '+' stands for multiplication, '÷' stands for subtraction and '×' stands for addition, then
6 ÷ 20 × 12 + 7 – 1 = ?
(A) 70 (B) 57 (C) 62 (D) 38

141. चार विकल्पों में से दी गई आकृति (X) की सही दर्पण छवि चुनें ।
Choose the correct mirror image of the given figure (X) from amongst the four alternatives.



(X) (1) (2) (3) (4)
(A) (4) (B) (2) (C) (3) (D) (1)

142. निम्नलिखित प्रश्न में एक शब्द दिया गया है, उसके बाद चार शब्द दिए गए हैं, जिनमें से एक दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके बनाया जा सकता है । वह शब्द ढूंढें ।
In the following question, one word is given, followed by four words, one of which can be formed using the letters of the given word. Find that word.
ENVIRONMENT
(A) ENTERTAIN (B) EMINENT
(C) ENTRANCE (D) MOVEMENT

143. वह वेन आरेख चुनें जो निम्न के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह से समझाता है ;
लड़के, एथलीट, छात्र
Choose the Venn diagram which best explains the relationship among given :
Boys, Athletes, Students

(A)  (B) 

(C)  (D) 

44. भारत के संविधान के अनुच्छेद 64 और 89 (1) के तहत निम्नलिखित में से कौन राज्य सभा का पदेन सभापति है ?
(A) राष्ट्रपति (B) उपराष्ट्रपति
(C) लोक सभा के अध्यक्ष (D) प्रधानमंत्री
Who among the following is *ex-officio* Chairman of the Council of States under Article 64 and 89 (1) of the Constitution of India ?
(A) President
(B) Vice-President
(C) Speaker of Lower House
(D) Prime Minister

45. निम्नलिखित में से कौन सा दिन भारत में "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 31 दिसंबर (B) 12 जनवरी
(C) 25 नवंबर (D) 16 अगस्त
Which of the following days is celebrated as "National Youth Day" in India ?
(A) 31st December (B) 12th January
(C) 25th November (D) 16th August

46. निम्नलिखित में से कौन सा अम्ल सिरके में मौजूद होता है ?
(A) ऑक्सैलिक अम्ल (B) लैक्टिक अम्ल
(C) सिट्रिक अम्ल (D) ऐसीटिक अम्ल
Which of the following acids is present in Vinegar ?
(A) Oxalic Acid (B) Lactic Acid
(C) Citric Acid (D) Acetic Acid

47. "मामूली चीज़ों का देवता" (द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स) निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध लेखक द्वारा लिखा गया उपन्यास है ?
(A) अमीश त्रिपाठी (B) सूर्यकांत त्रिपाठी
(C) सलमान रुश्दी (D) अरुंधति रॉय
"The God of Small Things" is the novel written by which of the following famous author ?
(A) Amish Tripathi
(B) Suryakant Tripathi
(C) Salman Rushdie
(D) Arundhati Roy

48. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय के पास जनसंचार के विभिन्न माध्यमों और प्रिंट मीडिया के विनियमन के माध्यम से सरकारी नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रसारित करने की जिम्मेदारी है ?
(A) गृह मंत्रालय
(B) योजना मंत्रालय
(C) सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(D) आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय
Which of the following ministries is having responsibility of task of disseminating information about government policies, schemes and programmes through the different mediums of mass communication and regulation of print media ?
(A) Ministry of Home Affairs
(B) Ministry of Planning
(C) Ministry of Information and Broadcasting
(D) Ministry of Housing and Urban Affairs

49. राष्ट्रीय विषाणु-विज्ञान संस्थान निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?
(A) मैसूरु (B) पुणे
(C) नई दिल्ली (D) बेंगलुरु
The National Institute of Virology is situated at which of the following places ?
(A) Mysuru (B) Pune
(C) New Delhi (D) Bengaluru

50. भारत में बाल संरक्षण और कल्याण के लिए आपातकालीन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर क्या है ?
What is the emergency toll free helpline number for Child Protection and Welfare in India ?
(A) 194 (B) 1098
(C) 114 (D) 1910

51. "हम्पी नृत्य उत्सव" निम्नलिखित में से किस राज्य का उत्सव है ?
(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) कर्नाटक (D) ओडिशा
"Hampi Dance Utsav" is a festival of which of the following states ?
(A) Gujarat (B) Maharashtra
(C) Karnataka (D) Odisha



52. सरकार का वह खाता जो केवल चालू वित्तीय वर्ष से संबंधित है, इसमें शामिल है
(A) कर बजट (B) राजस्व बजट
(C) पूँजीगत बजट (D) आउटक्रोस्ड बजट
An account of Government that relates to the current financial year only is included in the
(A) Tax Budget
(B) Revenue Budget
(C) Capital Budget
(D) Outcrossed Budget

53. मथुरा के पास मट के एक मंदिर में किन शासकों की विशाल मूर्तियाँ प्रतिष्ठापित पाई गई हैं ?
(A) चोल (B) मौर्य
(C) कुषाण (D) गुप्त
Colossal statues of which rulers have been found installed in a shrine at Mat near Mathura ?
(A) Cholas (B) Mauryas
(C) Kushanas (D) Guptas

54. निम्नलिखित में से किस वायसराय ने ब्रिटिश शासन के दौरान बंगाल का विभाजन किया था ?
(A) लॉर्ड रीडिंग (B) लॉर्ड कर्जन
(C) लॉर्ड इरविन (D) वारेन हेस्टिंग्स
Which of the following Viceroys had partitioned Bengal during the British Rule ?
(A) Lord Reading (B) Lord Curzon
(C) Lord Irwin (D) Warren Hastings

55. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश राज्य में सर्वोच्च रैंकिंग वाले पुलिस अधिकारी हैं ?
(A) डीसीपी (पुलिस उपायुक्त)
(B) पीएसआई (पुलिस उप-निरीक्षक)
(C) एसीपी (सहायक पुलिस आयुक्त)
(D) डीजीपी (पुलिस महानिदेशक)
Which of the following is the highest-ranking Police Officer in the State of Uttar Pradesh ?
(A) DCP (Deputy Commissioner of Police)
(B) PSI (Police Sub Inspector)
(C) ACP (Assistant Commissioner of Police)
(D) DGP (Director General of Police)

56. निम्नलिखित में से भारत के किस बंदरगाह को 'अरब सागर की रानी' के नाम से भी जाना जाता है ?
(A) कोलकाता (B) कोच्चि
(C) मोर्मुगाओ (D) मुंबई
Which of the following port of India is also known as 'Queen of the Arabian Sea' ?
(A) Kolkata (B) Kochi
(C) Mormugao (D) Mumbai

57. वर्ष 2011 में भारत में जनगणना कार्य कितने चरणों में किया गया था ?
(A) चार (B) दो
(C) तीन (D) एक
The Census Operations in India have been carried out in how many phases in the year 2011 ?
(A) Four (B) Two
(C) Three (D) One

58. मोगाओ गुफाएँ, जिन्हें "हजारों बुद्धों की गुफाएँ" भी कहा जाता है, निम्नलिखित में से किस देश में स्थित हैं ?
(A) चीन (B) थाईलैंड
(C) भारत (D) नेपाल
The Mogao Caves, also known as "Caves of the Thousand Buddhas", are situated in which of the following countries ?
(A) China (B) Thailand
(C) India (D) Nepal

59. व्यावसायिक उपयोग के लिए सब्जियाँ, फूल और फल उगाना निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?
(A) हॉर्टीकल्चर (B) पिसीकल्चर
(C) विटीकल्चर (D) सेरीकल्चर
Growing vegetables, flowers and fruits for commercial use is known as which of the following ?
(A) Horticulture (B) Pisciculture
(C) Viticulture (D) Sericulture

34. श्री टैंक ने शहर में एक सम्मेलन में भाग लिया और वापस अपने होटल के लिए कैब ली । किन्तु, हड़बड़ी में वह अपना ब्रीफकेस टैक्सी में ही छोड़ गये । सौभाग्य से, वह पास के सुरक्षा गार्ड की मदद से टैक्सी की लाइसेंस प्लेट के बारे में कुछ विवरण नोट करने में कामयाब रहे ।

#1: मिस्टर टैंक को पक्का विश्वास है कि प्लेट M अक्षर से शुरू होती है ।

#2: तीन दर्शक सहमत हैं कि प्लेट 78R पर समाप्त होती है ।

#3: चार लोग दावा करते हैं कि दूसरा अक्षर या तो A है या B है और अन्य चार लोग सोचते हैं कि तीसरा अक्षर S है ।

नीचे दिए गए चार लाइसेंस प्लेट नंबर दर्शाते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति क्या सोचता है कि उन्होंने क्या देखा । टैक्सी का लाइसेंस प्लेट नंबर होने की सबसे अधिक संभावना कौन सी है ?

Mr. Tank attended a conference in the city and took a cab back to his hotel. However, in the rush, he left his briefcase in the taxi. Fortunately, he managed to note down some details about the taxi's license plate with the help of a nearby security guard.

#1 : Mr. Tank is certain that the plate starts with the letter M.

#2 : Three bystanders agree that the plate ends with 78R.

#3 : Four people claim that the second letter is either A or B, and another four people think that the third letter is S.

The four license plate numbers below represent what each person thinks they saw. Which one is most likely the license plate number of the taxi ?

(A) MAB78R (B) MBA78R
(C) MSB78R (D) MAS78R

35. नीचे प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं । आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है, फिर दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार करना है और निर्णय लेना है कि उनमें से कौन सा/से कथन में दी गई जानकारी से उचित संदेह से परे तार्किक रूप से अनुसरण करता/ते है/हैं ।

कथन : यदि सभी खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता से खेलेंगे तो हम मैच जीतेंगे । हमने मैच जीत लिया है ।

निष्कर्ष :

I. सभी खिलाड़ियों ने अपनी पूरी क्षमता से खेला ।

II. कुछ खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेले ।

(A) न तो I और न ही II अनुसरण करता है ।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है ।
(C) I और II दोनों अनुसरण करते हैं ।
(D) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।

In the question below, a statement followed by two conclusions numbered I and II is given. You have to assume everything in the statement to be true, then consider the two conclusions together and decide which of them logically follows beyond a reasonable doubt from the information given in the statement.

**Statement** : If all players play to their full potential, we will win the match. We have won the match.

**Conclusions** :

I. All players played to their full potential.

II. Some players did not play to their full potential.

(A) Neither I nor II follows.
(B) Only conclusion II follows.
(C) Both I and II follow.
(D) Only conclusion I follows.



36. पता लगाएँ कि आकृति (X) में दिए गए टुकड़ों से (1), (2), (3) और (4) में से कौन सी आकृति बनाई जा सकती है ।

Find out which of the figures (1), (2), (3) and (4) can be formed from the pieces given in figure (X).



(X) (1) (2) (3) (4)

(A) (4) (B) (2)
(C) (3) (D) (1)

37. चार विकल्पों में से पता लगाएँ कि पारदर्शी शीट को बिंदुदार रेखा पर मोड़ने पर पैटर्न कैसा दिखाई देगा ।

Find out from amongst the four alternatives as to how the pattern would appear when the transparent sheet is folded at the dotted line.



(X) (1) (2) (3) (4)

(A) (4) (B) (2)
(C) (3) (D) (1)

38. M, P का पुत्र है । Q, O की पोती है जो P का पति है । M का O से क्या संबंध है ?

(A) पिता (B) पुत्री
(C) माता (D) पुत्र

M is the son of P. Q is the grand daughter of O who is the husband of P. How is M related to O ?

(A) Father (B) Daughter
(C) Mother (D) Son

39. वह विकल्प चुनें जो दिए गए संयोजन की दर्पण छवि से काफ़ी मिलता-जुलता हो ।

Choose the alternative which closely resembles the mirror image of the given combination.

**JUDGEMENT**

(A) ⅃UDGƎMƎNT
(B) TNƎMƎGDU⅃
(C) TNƎMƎGDU⅃
(D) TNEMEGDUJ

40. वह आकृति चुनें जो अन्य से भिन्न है ।

Choose the figure which is different from the rest.



(1) (2) (3) (4) (5)

(A) (4) (B) (2)
(C) (3) (D) (1)

41. एक पुस्तक में 300 पृष्ठ हैं और प्रत्येक पृष्ठ में 10 शब्दों की 20 पंक्तियाँ हैं । पुस्तक में कुल कितने शब्द हैं ?

A book has 300 pages and each page has 20 lines of 10 words each. How many words are there in the book altogether ?

(A) 66000 (B) 6000
(C) 600000 (D) 60000

42. गणित में अरविंद के एक तिहाई अंक अंग्रेजी में उसके अंकों के आधे से 30 अधिक हैं । यदि उसे दोनों विषयों में मिलाकर 240 अंक मिले, तो उसे अंग्रेजी में कितने अंक मिले ?

A third of Arvind's marks in Mathematics exceeds a half of his marks in English by 30. If he got 240 marks in the two subjects together, how many marks did he get in English ?

(A) 90 (B) 120
(C) 60 (D) 180

43. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प नीचे दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम होगा ?

1. डॉक्टर 2. बुखार
3. नुसख़ा लिखना 4. निदान
5. दवा

Which of the following option would be meaningful order of the following words ?

1. Doctor 2. Fever
3. Prescribe 4. Diagnose
5. Medicine

(A) 2, 1, 4, 3, 5 (B) 2, 3, 5, 4, 1
(C) 2, 4, 3, 5, 1 (D) 2, 1, 3, 4, 5

60. उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम (यूपीएफसी) निम्नलिखित में से किसके विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ?

(A) उद्योग (B) स्वास्थ्य सेवा
(C) शिक्षा (D) कृषि

The Uttar Pradesh Financial Corporation (UPFC) plays a key role in providing financial assistance for the development of which of the following ?

(A) Industries (B) Healthcare
(C) Education (D) Agriculture

61. उत्तर प्रदेश का दुधवा राष्ट्रीय उद्यान निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है ?

(A) शाहजहाँपुर (B) प्रयागराज
(C) मेरठ (D) लखीमपुर खीरी

The Dudhwa National Park of Uttar Pradesh is located in which of the following districts ?

(A) Shahjahanpur (B) Prayagraj
(C) Meerut (D) Lakhimpur Kheri

62. 2006 में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग का नामकरण बदल दिया गया और इसका नाम बदलकर निम्नलिखित में से क्या कर दिया गया ?

(A) मानवतावादी आयोग (B) मानवतावादी परिषद
(C) मानवाधिकार आयोग (D) मानवाधिकार परिषद

In 2006, the nomenclature was changed for United Nations Commission on Human Rights, and it was renamed as which of the following ?

(A) Humanitarian Commission
(B) Humanitarian Council
(C) Human Rights Commission
(D) Human Rights Council

63. उत्तर प्रदेश में "कुंभ मेला" का उत्सव किन नदियों के संगम पर मनाया जाता है ?

(A) तापी और नर्मदा
(B) कावेरी, सरयू और पौराणिक सरस्वती
(C) नर्मदा और ब्रह्मपुत्र
(D) गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती

In Uttar Pradesh, the festival of "Kumbh Mela" is celebrated at the confluence of which rivers ?

(A) Tapi and Narmada
(B) Kaveri, Sarayu and mythical Saraswati
(C) Narmada and Brahmaputra
(D) Ganga, Yamuna and mythical Saraswati

64. इजराइल–हमास संघर्ष क्षेत्र से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन का नाम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) ऑपरेशन हॉट परस्यूट
(B) ऑपरेशन गंगा
(C) ऑपरेशन विजय
(D) ऑपरेशन अजय

Which of the following is the name of the operation launched by the India to evacuate Indian national from Israel-Hamas conflict zone ?

(A) Operation Hot Pursuit
(B) Operation Ganga
(C) Operation Vijay
(D) Operation Ajay

65. हाल ही में अक्टूबर 2023 में, भारत और किस पड़ोसी देश ने आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (ETCA) की बातचीत फिर से शुरू की है ?

(A) श्रीलंका (B) म्यांमार
(C) चीन (D) मालदीव

